# कार्यालय प्राचार्य
# शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेलः– principal.npgcsr@gmail.com

क्रमांकः 3146 /2025 रायपुर, दिनांक 17.10.25

## //परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी सूचना//

महाविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली स्नातक **(बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर (Pilot) नवम्बर–दिसम्बर परीक्षा–2025** मे सम्मिलित होने वाले **नियमित/एटीकेटी** परीक्षार्थियों के लिए पात्रतानुसार ऑनलाइन पद्धति द्वारा महाविद्यालय के वेबसाईट www.gnscr.ac.in द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं आनॅलाइन शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

**A- आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि–**

| क्रं. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निर्धारित शुल्क के साथ (बिना विलंब शुल्क) | दिनांक 03.11.2025 से 11.11.2025 तक |
| 2 | निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क 100 रू. के साथ | दिनांक 12.11.2025 से 13.11.2025 तक |
| 3 | निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क प्रतिदिन 500 रू. के साथ | दिनांक 14.11.2025 से 15.11.2025 तक |

**टीपः**– निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति नही दी जावेगी।

**B- परीक्षा शुल्क एवं प्रकिया शुल्क का विवरण–**

| कक्षा/परीक्षा का नाम | नियमित | एटीकेटी | ऑनलाईन प्रकिया एवं अग्रेषण शुल्क |
|---|---|---|---|
| बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर | रू. 1350/– | रू. 700/– प्रति प्रश्न पत्र अधिकतम रू. 1350/– | रू. 50/– |

**C- आवेदन पत्र की हार्डकापी जमा करने का समय एवं स्थान–**

**समय**–कार्यालयीन दिवस मे **प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक।**

**स्थान**– महाविद्यालय के **छात्र शाखा** के काउन्टर मे।

**D- सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देशः–**

1. सेमेस्टर परीक्षा 2025 हेतु फार्म भरने का कार्य छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gnscr.ac.in के माध्यम से किया जावेगा।
2. सबसे पहले वेबसाइट www.gnscr.ac.in मे दिए गए लिंक से फार्म भरेंगे।
3. इसके लिए छात्र/छात्राएॅ पंजीकृत मोबाइल नं. से Login करेंगे।
4. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के बाद परीक्षा फार्म की कापी प्रिंट करके अपने पास रखेंगे।
5. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो, तो ईमेल info.onlineexamforms@gmail.com पर अपनी समस्या भेजकर समाधान कर सकते है।

**E- परीक्षा आवेदन पत्र भरने की पात्रता–**

1. सत्र 2025–26 मे **बी.एस–सी. पंचम सेमेस्टर** मे जिन नियमित छात्र/छात्राओं ने महाविद्यालय मे पात्रतानुसार स्थायी रूप से प्रवेश लिया है, वे छात्र/छात्राएँ ही नियमित परीक्षार्थी के रूप मे परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन से भरने के लिए पात्र होंगे, यदि वे शेष अन्य आवश्यक शर्ते प्रावधानुसार पूरी करती हो।
2. सत्र 2024–25 मे **बी. एस–सी. पंचम सेमेस्टर** की परीक्षा मे जो छात्र/छात्राए **एटीकेटी/अनुतीर्ण** है, वे बी. एस–सी. पंचम सेमेस्टर की परीक्षा मे केवल **एटीकेटी/अनुतीर्ण विषयो के प्रश्नपत्रो** मे सम्मिलित होंगे तथा **उनके पाठयक्रम तथा परीक्षा योजना वही होंगे जिसमे कि वे पूर्व मे सम्मिलित हुए थे।**

**F- अन्य जानकारी-**

1. परीक्षा आवदेन पत्र भरते समय छात्र/छात्राएँ DSC, AEC एवं SEC का चयन सावधानी पूर्वक करेंगे। किसी भी परिस्थिति मे कोर्स के प्रकार मे परिवर्तन साथ मान्य नही होगा।
2. ब्लू कार्ड एवं परीक्षा आवेदन पत्र मे कोर्स की भिन्नता पाये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जा सकेगी, जिसकी जवाबदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
3. सत्र 2024–25 मे **अनुचित साधन उपयोग वाले प्रकरण (UFM)** पर महाविद्यालय द्वारा परीक्षा से वंचित किए गये है तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति जिसमे वर्ष 2025 की सेमेस्टर परीक्षा मे सम्मिलित होने की पात्रता हो, तो इसे संलग्न करना अनिवार्य है।
4. ऑनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थीयों की यह स्वयं की जवाबदारी है कि वह अपना शैक्षणिक अँकसूचियों/प्रमाणपत्रों की जानकारी दी है वह सही है तथा उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरते समय दी गई जानकारी भरे है, वह सही है, जानकारी असत्य पाये जाने पर यदि महाविद्यालय द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही की जाती है तो यह उनकी (आवेदन) जवाबदारी होगी। अतः वे इस बात की जानकारी रखें कि उसने सही जानकारी दी है।

परीक्षा नियंत्रक
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विभागाध्यक्षों को छात्र/छात्राओं के मध्य प्रसारण हेतु।
2. छात्र शाखा/लेखा शाखा, शास. नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
3. श्री टिकेन्द्र साहू को वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
4. सूचना पटल में चस्पा हेतु।

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

D: em bsc ist sem letter 2023